उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक/Ref. No. : 356 दिनांक/Date : 16.06.2019

प्रेस विज्ञप्ति

आज दिनांक 16.06.2019 को आयोग द्वारा 2 पालियों में, 7 परीक्षाओं का आयोजन किया गया।

प्रथम पाली में प्रातः 10–12 बजे तक के मध्य वि0 संख्या–07/2016, उपकोड–(72.1) पदनाम–मशीन सहायक ऑफसेट, वि0सं0–05/ 2016,उपकोड–(48.1) पदनाम–पर्यवेक्षक कैनिंग, वि0सं0–05/ 2016, उपकोड–(35.1) पदनाम–इलैक्ट्रिशियन/मैकेनिक के 16 पदों के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की गयी। इन परीक्षाओं में कुल 524 अभ्यर्थी थे। इनमें से कुल 384 अभ्यर्थियों द्वारा अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड किये गये व 218 अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा में प्रतिभाग किया गया।

द्वितीय पाली दोपहर 2:00 बजे से सांय 4:00 बजे वि0 संख्या–05/2016, उपकोड–(43.1)पदनाम–कैटलॉगर, वि0 संख्या–05/2016, उपकोड–(50.1) पदनाम–पर्यवेक्षक (पाककला/कुकरी), वि0 संख्या–05/2016, उपकोड–(41.1) पदनाम–केयर टेकर, वि0 संख्या–09/2017, उपकोड–(92.1) पदनाम–फिटर मैकेनिक, के 30 पदों के लिए लिखित प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की गयी। इन परीक्षाओं में कुल 1257 अभ्यर्थी थे। इनमें से 751 अभ्यर्थियों ने अपने प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड किये तथा 425 अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा में प्रतिभाग किया गया।

दोनों पालियों की सभी परीक्षायें देहरादून में 1 परीक्षा केन्द्र एस0जी0आर0आर0 पब्लिक स्कूल रेसकोर्स में आयोजित की गयी। सभी परीक्षाओं की 28 उत्तर कुंजियां आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दी गयी हैं। अभ्यर्थी अपने उत्तरों का आज ही मिलान कर सकते हैं। यदि किसी अभ्यर्थी को किसी प्रश्न या उत्तर पर आपत्ति है तो वे आयोग की वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in पर Online Objection लिंक पर जाकर समुचित प्रमाण के साथ आपत्ति कर सकते हैं। आपत्ति करने की अंतिम तिथि **23 जून, 2019** है। प्रश्नों/उत्तरों पर आपत्ति केवल ऑनलाइन तथा निर्धारित तिथि तक ही स्वीकार होगी। ऑफलाइन या निर्धारित तिथि के बाद की गयी आपत्तियों पर कोई कार्यवाही नहीं की जायेगी।

दोनों पालियों की परीक्षायें शांतिपूर्ण ढंग से बिना किसी व्यवधान या गड़बड़ी के संपन्न हुयी। इन परीक्षाओं को संपन्न कराने में सहयोग के लिए आयोग जिला प्रशासन, पुलिस बल, पर्यवेक्षकों, केन्द्र अधीक्षकों तथा आयोग प्रतिनिधियों को धन्यवाद ज्ञापित करता है।

16/6/19
(संतोष बडोनी)
सचिव